Reg. No. : ......................................

Name : ...........................................

**FY-215**

**FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, SEPTEMBER 2021**

Part – III

Time : 2½ Hours

**HINDI (Optional)**

Cool-off time : 20 Minutes

Maximum : 80 Scores

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 20 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

1. **सूचना :** सही मिलान करें । **(4)**

(अ) एकलव्य – कहानी

(आ) ईदगाह – कविता

(इ) चीफ़ की दावत – संस्मरण

(ई) महात्मा गाँधी – निबंध

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 2 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

सब था 'तुम्हारा' –
अरे, सब कुछ तुम्हारा ।
तुम्हीं उससे अभिज्ञ रहे ।
अथवा वह मेरा समर्पण सब झूठा था ।
मेरी वह निष्ठा,
वह प्राणों की आकुल प्रतिष्ठा
जिसे अर्पित थी –
तुम थे नहीं !
सिर्फ माटी की मूरत
क्या माटी की मूरत थी !

2. इस कविता के रचयिता कौन हैं ? **(1)**

(कीर्ति चौधरी, प्रेमचंद, रामकुमार वर्मा, भीष्म साहनी)

3. मूरत का समानार्थी शब्द लिखें । **(1)**

(मूर्ति, मिट्टी, लक्ष्य, ऊँगली)

4. समान भाववाली पंक्ति कवितांश से चुनकर लिखें । **(2)**

समर्पण केवल एक मिट्टी की मूर्ति के सामने था ।

5. समकालीन संदर्भ से जोड़कर कविता की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

**सूचना : निम्नलिखित गद्यांश पढ़ें और 6 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

गाँधीजी समय के सबसे बड़े सर्वेक्षक थे । उनका मिनट–मिनट पर कार्यक्रम निर्धारित होता था । हमें निर्धारित समय से दस मिनट का विलंब हो गया था और गाँधीजी ठीक नौ बजे अपना कार्यक्रम करने लगे थे, अर्थात् एक आदमी उनके शरीर पर तेल की मालिश करने लगा । फिर भी उन्होंने हमें सामने बैठाया और श्रीमन्नारायण ने मेरा परिचय दिया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हूँ और मैंने भी असहयोग आंदोलन में सन् 1921 में स्कूल छोड़ दिया था ।

6. संज्ञा शब्द चुनकर लिखें । **(1)**

   (शरीर, ने, मेरा)

7. रामकुमार वर्मा ने कब स्कूल छोड़ दिया ? **(1)**

   (सन् 1921, सन् 1926, सन् 1920)

8. रामकुमार वर्मा का परिचय गाँधीजी ने किस प्रकार किया ? **(2)**

9. खंड का संक्षेपण करें और उचित शीर्षक दें । **(6)**

**सूचना : 10 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर लिखें ।** **(2 × 2 = 4)**

10. आदिकाल की दो प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखें ।
    - वीर रस की प्रमुखता
    - सबसे महत्त्वपूर्ण

11. वीरगाथाकाल के दो कवियों के नाम लिखें ।

12. सगुण काव्यधारा की दो शाखाओं के नाम लिखें ।

13. रीतिकाल की दो विशेषताएँ लिखें ।
    - श्रृंगार रस
    - प्रेम का वियोग पक्ष

**सूचना : 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें ।** **(1 × 4 = 4)**

14. ईदगाह कहानी के पात्रों के नाम लिखें ।

15. निर्गुण काव्यधारा पर टिप्पणी लिखें ।

- बिना आकार
- ज्ञान या प्रेम की प्रमुखता

16. पृथ्वीराज रासो पर टिप्पणी लिखें ।

- वीरगाथाकाल का ग्रंथ
- महाकाव्य

17. शामनाथ अपनी स्त्री से अंग्रेज़ी में बात करता है । क्यों ?

**सूचना : 18 से 25 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार का उत्तर लिखें ।** **(4 × 6 = 24)**

18. जीवन वृत्त तैयार करें :

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | भीष्म साहनी |
| जन्म | : | 8 अगस्त, 1915, रावलपिंडी |
| प्रमुख रचनाएँ | : | तमस, झरोखे, निशाचर हानुश, माधवी, कबिरा खड़ा बाजार में |
| पुरस्कार | : | पद्म भूषण, साहित्य अकादमी पुरस्कार, राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान |
| विशेषताएँ | : | अत्यंत सरल भाषा, सामान्य लोगों के हृदय को छू लेनेवाली अभिव्यक्ति |
| मृत्यु | : | 11 जुलाई, 2003, दिल्ली |

19. निम्नलिखित सूचनाओं की सहायता से माँ का चरित्र-चित्रण लिखें ।

- ग्राम्य जीवन पर आस्था
- बेटे के प्रति वात्सल्य
- सादगीपन

20. दोहे का भावार्थ लिखें ।

जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान

मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान

मोल = मूल्य, तरवार = तलवार

21. अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें ।

Books are referred to as man's best friends. There are different types of books. Books can be proved as best guide.

refer – उल्लेख

best friend – सबसे अच्छा दोस्त

different – भिन्न

guide – मार्गदर्शक

22. रामभक्ति काव्य पर टिप्पणी लिखें ।

- रामानंद के सिद्धांतों पर आधारित
- राम नाम जप
- भगवान का लोक-रंजक भाव

23. 'हिंदी साहित्य का काल विभाजन' विषय पर टिप्पणी लिखें ।

- विविध प्रकार
- आदिकाल
- भक्तिकाल

24. ‘अब सो जाओ माँ’ कहते हुए शामनाथ अपने कमरे की ओर घूम गए । लेकिन माँ सो न सकी । उनके मन के विचार आत्मकथा के रूप में लिखें ।

- बेटे की उपेक्षा पर दुख
- बेटे की तरक्की पर खुशी
- माँ का ममता भरा दिल

25. रामकुमार वर्मा के महात्मा गाँधी संस्मरण के आधार पर ‘समय की पाबंदी’ विषय पर लेख लिखें ।

- समय का मूल्य
- समय की गति की पहचान
- समय का सटीक उपयोग

**सूचना : 26 से 33 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर लिखें ।** **(3 × 8 = 24)**

26. प्रेमचंद के जन्मदिन पर स्कूल हिंदी मंच की ओर से ‘प्रेमचंद जन्मदिन समारोह’ आयोजित हो रहा है । उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

- प्रेमचंद जन्मदिन समारोह
- मुख्य अतिथि
- समय, तारीख

27. स्कूल के Souhrida Club के द्वारा परिस्थिति के अनुकूल मुखावरण (Mask) का निर्माण हो रहा है । उसकी बिक्री के लिए एक विज्ञापन तैयार करें ।

- ज्यादातर सुरक्षा
- उत्तम गुणवत्ता
- विभिन्न रंगों में
- कम दाम

28. मान लें Covid-19 महामारी का पूर्ण अंत हुआ है । अगले महीने स्कूल खुलने वाला है । इस विषय के बारे में अपने दोस्त से हुई online chat का वार्तालाप के रूप में लिखें ।

- कई महीनों के बाद की मुलाकात ।
- मन की खुशी ।
- अध्यापकों से मिलन ।
- दोस्तों के साथ मस्ती ।

29. गाँधीजी के मिलन के बाद रामकुमार वर्मा उस दिन की डायरी लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- गाँधीजी से भेंट होना ।
- समय की पाबंदी रखना ।
- हरिजनोद्धार के लिए पैसा माँगना ।
- चित्ररेखा का गीत गुनगुनाना ।

30. ज्ञानाश्रयी काव्य **अथवा** संत काव्य पर एक आलेख लिखें ।

- प्रमुख कवि
- जनसाधारण की भाषा
- गुरु महिमा
- निर्गुण ब्रह्म

31. आदिकाल पर एक लेख लिखें ।

- बहुत महत्त्वपूर्ण काल ।
- वीररसपूर्ण काव्य का सृजन ।
- राष्ट्रीयता की भावना ।
- कई भाषाओं के शब्द ।

32. दरवाज़ा खुलते ही शामनाथ झूमते हुए आगे बढ़ आए और माँ को आलिंगन में भर लिया । 'चीफ़ की दावत' कहानी के शामनाथ अपनी खुशी व्यक्त करते हुए दोस्त के नाम पत्र लिखता है । वह पत्र लिखें ।

- मेहमान की खुशी ।
- माँ का प्यार ।
- तरक्की की प्रतीक्षा ।
- माँ के प्रति बुरे व्यवहार पर पश्चाताप ।

33. रीतिकाल पर एक आलेख लिखें ।

- अलंकारों की प्रमुखता ।
- शृंगारप्रधान मुक्तक कविताएँ ।
- वीररस की अभिव्यक्ति ।
- प्रेम के वियोग पक्ष ।

---